हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 11 अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट))

आज राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा - नीट- पीजी आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड द्वारा कंप्यूटर आधारित यह परीक्षा दो पारियों में ली जा रही है। दो लाख से अधिक छात्र यह परीक्षा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह परीक्षा जून में अपने निर्धारित समय से एक दिन पहले टाल दी गई थी। यह निर्णय परीक्षाओं की शुचिता पर लगे आरोपों के कारण लिया गया था।

....

78 में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में चलाए जा रहे तिरंगा यात्रा अभियान में आज कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम से सांसद नवीन जिंदल ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन बान शान है जो हम सब भारतवासियों को एक सूत्र में जोड़ता है।

इस तिरंगा यात्रा में विभिन्न स्कूली बच्चों के साथ-साथ द्रोणाचार्य स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अभ्यास करने वाले बच्चों ने भी हिस्सा लिया। सांसद नवीन जिंदल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई भी दी। उन्होंने लोगो से अपने घरों की छत पर तिरंगा फहराने का आह्वान भी किया ।

....

भारतीय प्रौद्योगिकीसंस्थान (आईआईटी) दिल्ली द्वाराहरियाणा के मुख्य सचिवटी.वी .एस.एन. प्रसाद को अर्थशास्त्र मेंडॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है।डॉ. प्रसाद ने "फैक्टर

शेयर बदलने वाली प्रतिस्थापन की सोचके साथ पूंजी आवंटन का मूल्यांकन" विषय पर अपने शोध कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया। उनके शोध ने पूंजीआवंटन और आर्थिक दक्षता के बीच के जटिल

संबंधों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की है, जिसमें यह अध्ययन किया गया है कि फैक्टर शेयर में होनेवाले बदलाव कैसे आर्थिक परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं।

....

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने कहा है कि जिन किसानों ने धान की सीधी बिजाई की थी परंतु किन्ही कारणों से अपना पंजीकरण नहीं करवा पाए, सरकार द्वारा उनके लिए 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' पोर्टल दोबारा खोला गया है। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह पोर्टल आज से 18 अगस्त तक खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि धान की सीधी बिजाई करने पर लगभग 20 प्रतिशत पानी की बचत होती है तथा प्रदेश सरकार की तरफ से सीधी बिजाई करने वाले किसानों को 4000 रुपये प्रति एकड़ की सहायता राशि सीधे उनके खातों में दी जाती है।

....

लगभग तीन सप्ताह तक चली, रोमाचंक खेल स्पर्धाओं के बाद पेरिस ओलिम्पिक आज रात सम्पन्न हो रहे हैं।समापन समारोह भारतीय समयानुसार रात साढ़े 12 बजे शुरू होगा। इस ओलिम्पिक में भारत ने एक रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर 71वां स्थान हासिल किया। मनु भाकर ने कांस्य पदक जीतकर इस ओलिम्पिक में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रचा। वह ओलिम्पिक निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला हैं। उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर की मिश्रित टीम एयर पिस्टल स्पर्धा में एक और कांस्य पदक जीतकर एक ही ओलिम्पिक में दो पदक जीतने वाली पहली महिला होने के नाते एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। स्वप्निल कुसाले ने निशानेबाजी में तीसरा पदक जीता। हॉकी में भारतीय पुरुष टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। नीरज चोपड़ा ने पुरुषो की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारत के उभरते पहलवान अमन सहरावत 57 किलोग्राम फ्री स्टाइल श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर ओलिम्पिक में पदक जीतने वाले भारत के सबसे युवा खिलाड़ी बने। क़ाबिले गौर है कि चीन पदक तालिका में पहले, अमरीका दूसरे तथा ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर है।

....